भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2502
उत्तर देने की तारीख 15.12.2025

युवा कलाकारों के लिए मंच की स्थापना

2502. श्री सनातन पांडेय :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय स्तर पर युवा कलाकारों के लिए कोई विशेष प्रशिक्षण अथवा प्रदर्शन मंच स्थापित किया गया है;
(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने कलाकार इससे लाभान्वित हुए; और
(ग) क्या इसका उद्देश्य सांस्कृतिक प्रतिभा को वैश्विक स्तर के लिए बढ़ावा देना है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): जी हाँ, संस्कृति मंत्रालय "विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्तियां प्रदान करना" नामक स्कीम संचालित करता है, जिसके अंतर्गत युवा कलाकारों को उन्नत प्रशिक्षण के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस स्कीम में 18 से 25 वर्ष के आयु वर्ग के युवा कलाकारों को भारतीय शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, सुगम शास्त्रीय संगीत, रंगमंच, दृश्य कला और लोक/पारंपरिक/स्वदेशी कला के क्षेत्रों में छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, संस्कृति मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संगठन, सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी), नई दिल्ली, इस स्कीम के तहत कवर किए गए विद्वानों के लिए राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सवों और आवासीय शिविरों में कतिपय प्रशिक्षण, अनुभव प्रदर्शन के अवसर भी प्रदान करता है।

(ख): विगत तीन वर्षों के दौरान, उपर्युक्त स्कीम के अंतर्गत कुल 400 कलाकारों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई हैं।

(ग): इस स्कीम का प्राथमिक उद्देश्य प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता के माध्यम से युवा कलाकारों की सहायता करते हुए भारत की सांस्कृतिक विरासत को परिरक्षित, संवर्धित और विकसित करना है। इसके अतिरिक्त, यह स्कीम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रदर्शित करने में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान करती है। युवा कलाकारों के कौशल को निखारने और राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों में प्रस्तुतीकरण के अवसर प्रदान करने से क्षमता निर्माण और आत्मविश्वास उत्पन्न करने में सहायता मिलती है, जो अंततः वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए आवश्यक है।

*****